भारत सरकार
कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1923
उत्तर देने की तारीख 13 मार्च, 2023
सोमवार, 22 फाल्गुन, 1944 (शक)

महाराष्ट्र में कौशल केंद्र

1923 श्री राजन बाबूराव विचारे:

क्या कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का पलायन को रोकने के लिए महाराष्ट्र में और अधिक कौशल केंद्रों की स्थापना करने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्योरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ग) महाराष्ट्र में ऐसे कौशल केंद्रों में किस प्रकार के कौशल प्रशिक्षण की योजना बनाई गई है और इसके लिए मूलभूत अवसंरचना सहायता प्रदान करने के लिए सरकार द्वारा क्या पहल की जा रही है?

उत्तर
कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री
(श्री धर्मेंद्र प्रधान)

(क) और (ख) जी, हां। सरकार महाराष्ट्र में ऐसी शैक्षणिक संस्थाओं (जैसे स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय आदि) में कौशल हब स्थापित करने पर विचार कर रही है, जिनके पास अपेक्षित बुनियादी ढांचा है और कौशल विकास पाठ्यक्रम प्रदान करने के इच्छुक हैं।

(ग) प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) स्कीम के दिशा-निर्देशों के अनुसार, आधुनिक पाठ्यक्रमों सहित इन कौशल केंद्रों के माध्यम से स्थानीय मांग के आधार पर राष्ट्रीय कौशल अर्हता ढांचा संरेखित पाठ्यक्रम शामिल किए जाएंगे।

****